वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com

वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 29.06.2024 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर", हिन्दुस्तान, ज्ञानशिखा टाइम्स ,"समाचार पत्र कटिंग का विवरण।

हिन्दुस्तान–दि0 29.06.2024

वीडीए बोर्ड की बैठक चार जुलाई को होगी

वाराणसी। वीडीए बोर्ड की बैठक चार जुलाई को होगी। बोर्ड बैठक का एजेंडा तैयार कराया जा रहा है। इस बार मानचित्र स्वीकृति, शमन मानचित्र संबंधी कुछ अहम निर्णय बोर्ड में लिए जाएंगे। बैठक की अध्यक्षता कमिश्नर कौशलराज शर्मा करेंगे।

ज्ञानशिखा टाइम्स–दि0 29.06.2024

वाराणसी विकास प्राधिकरण के लगातार नवीन प्रयोग की दिशा में एक और अनोखी पहल अब एक ही टेबल पर मानचित्र संबंधी समस्त जानकारी

वाराणसी। वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग के निर्देशानुसार मानचित्र स्वीकृति की प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी, त्वरित, सुगम एवं सरल बनाने हेतु नगर नियोजक प्रभात कुमार की अध्यक्षता में मानचित्र सुविधा सेल का गठन किया गया है जिसका मुख्य उद्देश्य मानचित्र स्वीकृति प्रक्रिया को सुव्यवस्थित एवं सरल बनाना, जन-सामान्य को अद्यतन सूचना/मानको से अवगत कराना, सहायता प्रदान करना एवं समय-सीमा के बारे स्पष्ट जानकारी देकर पारदर्शिता को बढ़ावा देना है। मानचित्र सुविधा सेल में कार्यरत कार्मिक प्रातः 10:00 बजे से अपरान्ह 12:00 बजे तक कार्यालय कक्ष संख्या-38 में उपस्थित रहकर एवं जनता / निर्माणकर्ता से संवाद/विचार-विमर्श कर मानचित्र स्वीकृति की प्रक्रिया को सरल बनाने का कार्य करेंगे।